मुद्रण तथा प्रकाशन सम्बन्धी कार्यों की विभागीय आफसेट प्रेस में व्यवस्था करना तथा मुद्रक निदेशक (निर्माण एवम् आवास मंत्रालय) और दृश्य प्रचार (सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय) के माध्यम से ऐसे कार्यों में सम्पर्क बनाना ।

(3) सिंचाई और विद्युत विषयों पर दो पत्रिकाओं (हिन्दी) की तैयारी तथा उनके प्रकाशन की व्यवस्था करना ।

(4) केन्द्रीय जल आयोग, सिंचाई विभाग आदि द्वारा तैयार की गई ड्राइगों तथा मानचित्रों की विभागीय फेरो अनुभाग के माध्यम से प्रतियां उपलब्ध कराना ।

(ख) उक्त निदेशालय के लिए स्वीकृत पदों की श्रेणीवार संख्या नीचे दी गई है :—

(1) समूह "क" . .	12
(2) समूह "ख" . .	14
(3) समूह "ग" . .	82
(4) समूह "घ" . .	24
@ जोड़	132

गंगा–कावेरी योजना

2545. श्री जगदम्बी प्रसाद यादव : क्या **सिंचाई और विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गंगा-कावेरी योजना का ब्यौरा क्या है; और

(ख) इस योजना में किन राज्यों को शामिल किया गया है और इस सम्बन्ध में केन्द्रीय सरकार का मत क्या है ?

सिंचाई और विद्युत् मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) और (ख) गंगा-कावेरी लिंक स्कीम में पटना के पास गंगा के बाढ़ प्रवाहों का लगभग 1699 क्यूसेक जल निकालने तथा प्रायद्वीपीय क्षेत्र को अन्तर करने के लिए लगभग 1416 क्यूसेक जल को करीब 549 मीटर तक ऊपर पम्प करने और गंगा बेसिन में ही 283 क्यूसेक जल का उपयोग करने की परिकल्पना की गई है । इस स्कीम में बिहार, मध्य प्रदेश, आन्ध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु तथा महाराष्ट्र राज्य शामिल हैं । तथापि इस स्कीम को किफायती नहीं पाया गया और इसलिए इस पर आगे कार्यवाही नहीं की गई थी ।

Crash of an IAF plane

2546. SHRI MUKHTIAR SINGH MALIK: Will the Minister of DEFENCE be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn to the press report which appeared in the 'Times of India' of 16th July, 1985 to the effect that an Indian Air Force plane crashed somewhere in the Western Sector on 15th July, 1985;

(b) if so, what are the causes of the accident;

(c) whether any inquiry has been conducted; and

(d) if so, what is the outcome thereof?

THE MINISTER OF DEFENCE (SHRI P. V. NARASIMHA RAO): (a) Yes, Sir.

(b) to (d) A Court of Inquiry is investigating into the cause of the accident.

स्वास्थ्य पर वनस्पति का हानिकारक प्रभाव

2547. श्री सत्य प्रकाश मालवीय · क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 7 अप्रैल, 1985 के दैनिक "जागरण" (कानपुर संस्करण) में प्रकाशित इस आशय के एक लेख की ओर दिलाया गया है कि कानपुर में खाद्य तेलों के संबंध में हुई एक विचार गोष्ठी में स्वास्थ्य पर वनस्पति के